नवभारत
ग्वालियर, गुरूवार 28 मार्च, 2024

भाजपा को जीत दिलाएंगे कार्यकर्ता : संध्या राय

नवभारत न्यूज
मेहगांव,27 मार्च । भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भिण्ड दतिया लोकसभा सांसद पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय ने मेहगांव

कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की

विधानसभा क्षेत्र के महरा बूथ क्रमांक 260, 261 पर पहुंचकर कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की एवं उन्होंने मेरा बुथ सबसे मजबूत अभियान को पूर्ण रूप से साकार करने की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव को प्रत्येक कार्यकर्ताओं को प्रत्याशी स्वयं बनकर लड़ना है। मैं आपको विश्वास दिलाता हूं सुरक्षा एवं विकास सभी कार्यकर्ता एवं देव तुल्य जनता का सम्मान हमेशा बनाए रखेगी।

श्रीमती संध्या राय ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए कार्यकर्ता अपने-अपने बूथ पर चुनाव मेंटेनेंस के साथ इस महायज्ञ में जुड़ जाने ताकि भिंड दतिया से प्रचंड बहुमत के साथ भारतीय जनता पार्टी का कमल का फूल जीतकर केंद्र प्रदेश में डबल इंजन की भाजपा सरकार को मजबूती प्रदान करें। उन्होंने कहा की बूथ जीत तो चुनाव जीता इस भाव से सभी कार्यकर्ता कम करें। चुनावी प्रबंधन एवं लाभार्थी हितग्राही युवा महिलाओं लाडली बहनों किसान ऑन के बीच हम संपर्क से समर्थन मांगते हुए होली के अवसर पर मोदी गुलाल लगाकर उनकी राम-राम पहुंचाएं यह भाव हम सब के मन में जागृत हो। उन्होंने कहा केंद्र में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनने जा रही है और मोदी हम सब का नेतृत्व करेंगे विकसित भारत की एक परिकल्पना को लेकर राशिद में काम करते हुए गरीब कल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से सभी को आत्मनिर्भर विकास की जोड़ने के लिए हम सबको उनका मार्गदर्शन मिलेगा। सांसद श्रीमती राय ने कहा कि कांग्रेस के पास कोई भी विकास की नीति नहीं है मंत्र जनता को झूठ बोलकर भड़काना ही उनकी नीति रही है। उन्होंने कहा कि जो राष्ट्र विरोधी दल मोदी जी को रोकने के लिए भटक रहे हैं उनकी रणनीति सफल नहीं होने दी जाएगी हर जगह भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ 400 पर में अपनी सरकार बनाकर राष्ट्र के विकास के लिए खड़ी रहेगी। बैठक में महेंद्र सिंह पवैया सरपंच अनिल सिकरवार गुरमुख चौहान मुन्ना शर्मा पुजारी एवं अन्य कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद थे।

ई-रिक्शा चालक की ईमानदारी से जेबरात का थैला मिला

नवभारत न्यूज
मेहगांव,27 मार्च । आये दिन आम जनता का यात्रा करते समय चोरी हो जाता है या भूल से वाहन में रखा रह जाता है उसके संबंध में वरिष्ठ अधिकारियों भिंड पुलिस अधीक्षक असित यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक एवं एसडीओपी मेहगांव के निर्देश है कि तत्परता से कार्यवाही किया जाना सुनिक्षित करे आज दिनांक को पुलिस होली मिलन समारोह से वापस थाना आने पर थाना गोरमी पर एक महिला द्वारा सूचना दी कि उसका सामान उसके सोने के जेबरात जो कि एक थेली में थे जो सोनी रेलवे स्टेशन से ई-रिक्शा में

बैठकर अपने मायके सुकाण्ड जा रही थी मायके जाते समय कचनाव तिराहा गोरमी पर ई-रिक्शा से उतर गई और सामान ई-रिक्शा में छूट गया था मुझ थाना प्रभारी को थाने पर उक्त महिला गुड्डी बाई गुर्जर निवासी टेकनपुर द्वारा सूचना देने पर पुलिस की एक टीम गठित कर त्वरित कार्यवाही करते हुये तत्परता से ई-रिक्शा चालक की पतारसी की गयी जो सोनी स्टेशन के पास मिला जिससे सामान छूटने की सूचना बताने पर उसके द्वारा जेबरात का थेला वापस किये ई-रिक्शा चालक ने एक ईमानदारी की मिशाल पेश की गई ।

लोकसभा चुनाव 2024 : सी-विजिल एप पर कर सकते हैं आदर्श संहिता के उल्लंघन की शिकायत

नवभारत न्यूज
भिण्ड,27 मार्च । चुनावी प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायत के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा खास तौर पर तैयार किए गए सी-विजिल सिटीजन एप पर कोई भी व्यक्ति यदि उसे कहीं आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन का मामला नजर आता है तो अपने मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर कर इसकी शिकायत कर सकते है।

सी-विजिल एप पर शिकायत भेजते ही शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त होगी जिसके माध्यम से वह अपने मोबाइल पर शिकायत को ट्रेक कर सकेगें और उसकी अद्यतन स्थिति जान सकेगें। मोबाइल पर जीपीएस चालू होने के कारण शिकायतकर्ता जैसे ही अपनी शिकायत एप पर अपलोड करेगा वो स्थल की लोकेशन सहित तत्काल जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र के पास पहुंच जायेगी। जिला निर्वाचन कार्यालय के सम्पर्क केन्द्र में शिकायतों की मॉनीटरिंग के लिए बैठी विशेष टीम फोटो या वीडियो की लोकेशन के आधार पर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम या एसएसटी को मौके पर पहुंचने के निर्देश देगी। फ्लाइंग स्क्वाड दल भी मौके पर पहुंचकर शिकायत के बारे में तहकीकात करेगा और स्थल का वीडियो बनाकर सी-विजिल इन्वेस्टीगेटर एप पर सीधे सम्बन्धित निर्वाचन क्षेत्र के रिटर्निंग अधिकारी को रिपोर्ट करेगा। यदि शिकायत सही पाई जाती है तो रिटर्निंग अधिकारी को इसे आगे की कार्यवाही के लिए निर्वाचन आयोग को भेजना होगी। सी-विजिल एप की खास विशेषता यह होगी कि इसके माध्यम से कोई भी नागरिक चुनावों के दौरान आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन की शिकायत इसके माध्यम से कर सकता है। शिकायतकर्ता को यह सावधानी बरतनी होगी कि मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर करने के पांच मिनट के भीतर ही उसे अपनी शिकायत भेजनी होगी।

निर्वाचन आयोग ने यह स्पष्ट किया है कि सी-विजिल एप पर नागरिक केवल आदर्श आचरण संहिता के उल्लंघन सम्बन्धी शिकायतें ही कर सकेंगे। व्यक्तिगत शिकायतें इस एप पर नही की जानी चाहिए। सी-विजिल के दुरूपयोग को रोकने के लिए आयोग ने इस एप पर कुछ और फीचर्स भी डाले हैं। एक ही शिकायत की पुनरावृत्ति न हो इसके लिए आयोग ने एप में व्यवस्था की है कि यह एक ही व्यक्ति द्वारा की जाने वाली एक के बाद एक लगातार शिकायतों के बीच पांच मिनट का अंतराल हो। इसके अलावा जिला निर्वाचन कार्यालय को एक ही जैसी शिकायतों, बनावटी या ओछी शिकायतों अथवा ऐसी शिकायतों को जो आचार संहिता के उल्लंघन से सम्बन्धित न हों उन्हें दर्ज नहीं किए जाने की अनुमति भी दी है।

सी-विजिल एप को गूगल प्ले स्टोर से मोबाइल पर डाउनलोड किया जा सकेगा। इस एप का इस्तेमाल करने के लिए शिकायतकर्ता के मोबाइल पर जीपीएस और इंटरनेट चालू होना आवश्यक है। आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की ऑनलाइन शिकायतें इस एप के माध्यम से ही फोटो या वीडियो केप्चर कर की जा सकती है। वीडियो दो मिनट से अधिक का नहीं होना चाहिए। इससे अधिक अवधि का वीडियो एप पर अपलोड नहीं किया जा सकेगा। इसके साथ ही जिस मोबाइल से फोटो या वीडियो केप्चर किये गये हैं शिकायत केवल उसी से की जा सकेगी। किसी दूसरे मोबाइल या कैमरे की फोटो या वीडियो अथवा पहले से स्टोर फोटो या वीडियो इस एप पर अपलोड नहीं होगी। फोटो या वीडियो के साथ शिकायतकर्ता संक्षिप्त में प्रकरण के बारे में जानकारी भी दे सकते है।

जिला निर्वाचन कार्यालय को भी शिकायत मिलते ही उस पर तुरंत एक्शन लेना होगा और प्राप्त शिकायत को पांच मिनट के भीतर संबंधित क्षेत्र की फ्लाइंग स्क्वाड टीम को प्रेषित करना होगा तथा जाँच के लिए मौके पर भेजना होगा। फ्लाइंग स्क्वाड टीम को सौ मिनट के भीतर शिकायत का कम्प्लायंस देना जरूरी होगा अन्यथा ये शिकायत सीधे निर्वाचन आयोग को स्वतरू ट्रांसफर हो जायेगी। आयोग द्वारा समय पर शिकायत पर कार्यवाही न करने के लिए संबंधित फ्लाइंग स्क्वाड टीम से स्पष्टीकरण भी मांगा जा सकता है। सी-विजिल की एक विशेषता यह भी है कि नागरिकों द्वारा इस पर आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन के मामलों की गुमनाम शिकायत भी की जा सकेगी। गुमनाम शिकायत करने के विकल्प को अपनाने की स्थिति में शिकायतकर्ता का मोबाइल नम्बर एवं प्रोफाइल विवरण सिस्टम को नहीं भेजा जा सकेगा। इस वजह से शिकायतकर्ता को यूनिक आईडी प्राप्त नहीं होगी और वह अपनी शिकायत को ट्रेक नहीं कर सकेगा और उसकी अद्यतन स्थिति भी नहीं जान सकेगा। हालाकि नागरिकों के पास संबंधित रिटर्निंग अधिकारी से व्यक्तिगत रूप से ऐसी शिकायतों पर की गई कार्यवाही के संबंध में सूचना का विकल्प होगा। सी-विजिल एप पर की गई शिकायत में इस्तेमाल वीडियो और फोटो को मोबाइल या गैलरी में सेव नहीं किया जा सकेगा। सी- विजिल एप केवल उन्हीं राज्य या क्षेत्र की भौगोलिक सीमा में कार्य करेगा जहां चुनाव हो रहे हैं।

दो अवैध हथियार सहित युवक को किया गिरफ्तार

नवभारत न्यूज
मेहगांव,27 मार्च । पुलिस अधीक्षक असित यादव व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव पाठक मेहगांव एसडीओपी संजय कोच्छा के निर्देशन में अबैध हथियारों के आरोपियों की गिरफ्तारी हेतु थाना प्रभारी बरासों अरविन्द सिकरवार व उनकी टीम द्वारा की गई। कार्यवाही बरासों थाना पुलिस को मुखबिर की सूचना पर से बैसली नदी पुल के पास बरासों में हमराही फोर्स की मदद से आरोपी के कब्जे से अबैध एक 315 बोर की अधिया एवं एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड कीमती करीबन 4200 रुपये की जप्त गिरफ्तार किया गया। उक्त दिनांक को ही विश्वनीय मुखबिर की सूचना पर से गजेन्द्र सिंह गुर्जर के धर्मकांटा के पास बरासों भिण्ड रोड पर हमराही फोर्स की मदद से आरोपी के कब्जे से अबैध एक 315 बोर का कट्टा एवं एक 315 बोर का जिन्दा राउण्ड कीमती करीबन 5200 रुपये जप्त किया गया दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रथक - प्रथक अपराध कायम कर विवेचना में लिया गया ।

इनकी रही भूमिका

उपनिरीक्षक अरविन्द सिकरवार सउनि. दलवीर सिंह तोमर प्रआर. रामनिवास प्रआर. नीरज सिंह आर. रामवरन सिंह तोमर आर. आशीष तोमर आर. मनोज कुशवाह आर. सतेन्द्र यादव आर. अजीत कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

प्रचार वाहन मतदाताओं को कर रहे हैं जागरूक

नवभारत न्यूज
भिण्ड,27 मार्च । आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में सभी मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें इसके लिए मतदाताओं को जागरूक किए जाने हेतु निर्वाचन आयोग द्वारा भिण्ड जिले को भेजे गए प्रचार वाहन द्वारा जिले की पांचों विधानसभा क्षेत्र अटेर, भिण्ड, लहार, मेहगांव एवं गोहद के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में प्रचार वाहन के माध्यम से मतदाता जागरूकता का कार्य किया जा रहा है। प्रचार वाहन शहर एवं ग्रामीण क्षेत्र में भ्रमण कर रहे हैं। प्रतिदिन मतदाताओं को अधिकाधिक मतदान के लिए जागरुक कर रहे हैं। प्रचार वाहन पर एलईडी वॉल स्थापित की गई है जिस पर जागरूकता संबंधी कार्यक्रम दिखाये जा रहे हैं।

यह प्रचार वाहन ऐसे मतदान केन्द्र जहां गत चुनाव में मतदान का प्रतिशत कम रहा है उन केन्द्र के मतदाताओं को मतदान का महत्व बताकर अपने मतदान का उपयोग करने की समझाईश भी दे रहे हैं।

जिस भवन में मतदान केन्द्र स्थापित किये गये हैं उनका एआरओ अवलोकन करें

नवभारत न्यूज
भिण्ड,27 मार्च । कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संजीव श्रीवास्तव ने एआरओ से कहा है कि जहां मतदान केन्द्र बनाए गए है उनका एक बार अवलोकन अवश्य कर लें। इसके साथ ही उन्होंने डीईओ, डीपीसी, महिला एवं बाल विकास से भी कहा कि वे भी भवन का अवलोकन करें और वहां पाई गई कमी को पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उन्होंने यह बात टीएल बैठक में चुनाव संबंधी व्यवस्थाओं की समीक्षा के दौरान कहीं।

बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री जगदीश प्रसाद गोमे, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्री लक्ष्मीकांत शर्मा, एसडीएम भिण्ड श्री अखिलेश शर्मा, डिप्टी कलेक्टर श्री अंकुर रवि गुप्ता, श्रीमती शिवांगी अग्रवाल, डीडी शर्मा के अलावा विभिन्न विभागों के जिला अधिकारी उपस्थित थे साथ ही अन्य अधिकारीगण वर्चुअली रूप से बैठक में जुडे।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव श्रीवास्तव ने कहा कि कोई भी अधिकारीध् कर्मचारी चुनाव ड्यूटी से नदारत न रहे सी विजिल एप पर की जा रही शिकायतो का समय-सीमा में निराकरण करना सुनिश्चित किया जावे। चुनाव संबंधी सामग्री एसएलआर समय पर प्राप्त कर ले। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि मतदान केन्द्र जिस भवन में स्थापित किये गये है उनका डीईओध्डीपीसी अपने स्तर से निरीक्षण करे और इस बात का प्रमाण पत्र भी उपलब्ध कराये कि जिस भवन में मतदान केन्द्र बना है वो पूर्ण रूप से ठीक है। उन्होंने कहा कि एआरओ यह देखे कि मतदाता सूची एवं मतदान केन्द्र की सूची हर हाल में अपडेट समय-सीमा में करा लें। मतदान केन्द्र पर मूलभूत सुविधाओं के अन्तर्गत पानी लाईट, शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था रहें। जहां रेम्प की आवश्यकता है उस संस्था की जिम्मेदारी है कि रैम्प को सही हालत में रखा जाए।

कलेक्टर ने कहा कि सीप प्लान की गतिविधियां जारी रहे जिससे मतदान प्रतिशत में बढोत्तरी हो सके। दीवार लेखन एवं होर्डिंग भी लगी दिखना चाहिए। सभी एआरओ वेयर हाउस से ईव्हीएम मशीन स्ट्रांग रूम तक सुरक्षा के साथ राजनैतिक दलो को अवगत कराते हुए ले जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने पीडब्ल्यूडी के अधिकारी को निर्देशित किया कि स्ट्रांग रूम व्यवस्थित होना चाहिए। बैठक में स्वीप प्लान, कम्युनिकेशन प्लान, एमसीएमसी एवं प्रेक्षक व्यवस्था पर भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने गर्मी को दृष्टिगत कहा कि पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था होनी चाहिए जहां पानी की किल्लत है वहां पर परिवहन भी किया जावे । बैठक में मिलावट खोरो के खिलाफ कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। इसके साथ ही जिन संस्थाध् कार्यालयो पर बिजली का बिल बकाया है वे अगली टीएल बैठक में अपनी-अपनी जानकारी के साथ उपस्थित हो और एमपीईबी के अधिकारी को निर्देशित किया कि आप भी पूर्ण जानकारी के साथ बैठक में उपस्थित रहे ताकि अधिक बिल और बकाया बिल पर चर्चा कर निराकरण किया जा सके।

महिलाओं में मतदान के प्रति बढ़ रही रुचि, स्वीप गतिविधि के तहत जागरूकता कार्यक्रम

नवभारत न्यूज
भिण्ड,27 मार्च । लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत जिला निर्वाचन अधिकारी श्री संजीव श्रीवास्तव के निर्देशानुसार जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए स्वीप प्लान के अंतर्गत गतिविधियां संचालित

की जा रही हैं। जिले की महिला मतदाताओं को जागरूक करने के लिए नारी चौपाल के माध्यम से मतदान का महत्व और जानकारी दी जा रही है। साथ ही मतदाताओं को मतदान प्रक्रिया में भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए जिले की सभी विधानसभाओं के आंगनबाड़ी स्तर पर जागरूकता रैली एवं चौपाल के माध्यम से भी जागरूक किया जा रहा है। स्वीप गतिविधियों में अधिक से अधिक मतदान कराने और परिवार के लोगों को मतदान के लिये प्रेरित करें जिससे लोकतंत्र मजबूत होगा की समझाईश दी जा रही है। जिसमें महिला बाल विकास विभाग की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं द्वारा मतदान को बढ़ावा देने के लिए महिला मतदाताओं को अधिक से अधिक मतदान करने प्रेरित किया गया। साथ ही मतदान का महत्व समझाया।

नाव के किराए की बात को लेकर की मारपीट

श्योपुर। मानपुर थाना क्षेत्र में नाव के किराए की बात को लेकर फरियादी की भांजी के साथ मारपीट कर दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। मानपुर थाना पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार माकड़ौदा निवासी 56 वर्षीय लल्लूराम पुत्र मोहरपाल कीर ने रिपोर्ट लिखवाई है कि, रामेश्वर नाव घाट मानपुर में कमल, दुर्गा मीणा निवासी बडवा खंडार सवाई माधोपुर ने फरियादी की भांजी काडी बाई को नाव के किराए के पैसे की बात को लेकर गालियां देते हुए मारपीट कर दी व जान से मारने की धमकी दे दी। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर लिया है।

भाजपा की चुनाव संचालन एवं कोर कमेटी की बैठक

नवभारत न्यूज
भिण्ड,27 मार्च । मिशन 2024 लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ जीतने के लिए बूथ के कार्यकर्ता -सेतु की तरह लग जाएं यह चुनाव नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिए है भारतीय जनता पार्टी अपने विचारधारा को लेकर चुनाव भी महासागर में आ चुकी है कार्यकर्ता अपनी पराकाष्ठा के साथ प्रत्येक समाज तक पहुंचकर संपर्क करें। इस चुनाव को कार्यकर्ता स्वयं अपने प्रत्याशी बनाकर लड़ना है। यह बात पार्टी के प्रदेश मंत्री एवं लोकसभा चुनाव प्रभारी लोकेंद्र पाराशर ने अटेर एवं भिण्ड चुनाव संचालन एवं कोर कमेटी की विधानसभा समिति की बैठक को संबोधित करते हुए कही।

भाजपा प्रदेश मंत्री पराशर ने भिण्ड दतिया लोकसभा चुनाव के अंतर्गत अटेर विधानसभा की कोर ग्रुप की कामकाजी बैठक भाजपा पीपरी लोधी महासभा के जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ भाजपा नेता

ग्राम पंचायत नायब सरपंच सुधार सिंह नरवरिया के निवास स्थान लोधी नगर एवं भिण्ड विधानसभा की बैठक महारानी अवंती बाई छात्रावास परिसर में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए बुथ एवं चुनावी प्रबंधन की दृष्टि से कहा कि हम सब जिम्मेदार कार्यकर्ता है वह अपने दायित्व का निर्वाह करते हुए चुनाव अभियान में एक गति लाइन और भाजपा प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय का जनसंपर्क कार्यक्रम को सर्वव्यापी और सर्व स्पर्शी बनाते हुए अंतिम अंतिम छोर अंतिम छोर तक अंतिम छोर तक के व्यक्ति अंतिम छोर तक के व्यक्ति तक पहुंच कर भी पार्टी को जीतने के लिए समर्थन मांग कर पात्र हितग्राहियों तथा नुक्कड़ सभाएं जनसभाएं प्रभावी बनाते हुए लगा है।

प्रचंड बहुमत के साथ जीतेगी बीजेपी : कुशवाह

विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह ने कहा कि भिण्ड विधानसभा खेत से भारतीय जनता पार्टी प्रचंड बहुमत के साथ चुनाव जीतेगी। उन्होंने कहा जिस कार्यकर्ता को बूथ की जिम्मेदारी दी जाए वह पूरी ताकत के साथ चुनाव अभियान में लग जाए।

अखण्ड ब्राह्मण महासभा समिति का होली मिलन 30 को

आलमपुर 27 मार्च। अखण्ड ब्राह्मण महासभा समिति भिण्ड सचिव एडवोकेट पंडित अनिल शर्मा ने सभी से आग्रह किया है कि अखण्ड ब्राह्मण महासभा समिति भिण्ड के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यों तथा संगठन द्वारा होली मिलन समारोह 30 मार्च 2024 को स्थानीय श्री परशुराम मन्दिर आलमपुर में आयोजित किया जा रहा है जिसमें आप सभी की उपस्थिति अनिवार्य है।

होली मिलन समारोह नगर के सरयू गार्डन में आज

लहार 27 मार्च। लहार विधायक अम्बरीश शर्मा होली मिलन के पावन पर्व पर सभी अपने स्नेह जनों से मुलाकात कर होली मनाएंगे। इस मौके पर विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर नगर के सरयू गार्डन में आयोजित होली मिलन समारोह में शिरकत करेंगे ।

होली मिलन के बहाने चुनावी संदेश पहुंचा रहे नेता

नवभारत न्यूज
भिण्ड,27 मार्च । भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मंत्री लाल सिंह आर्य अपने निर्धारित कार्यक्रम के तहत विधानसभा क्षेत्र गोहद में बुथ पर पहुंचकर होली के पावन अवसर पर जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ होली खेलते हुए मोदी गुलाल लगाकर उनकी राम-राम पहुंच कर संपर्क से समर्थन मांग कर मोदी के लिए प्रधानमंत्री बनने के लिए भाजपा को जीतने का आह्वान किया।भाजपा सांसद एवं पार्टी प्रत्याशी श्रीमती संध्या राय शहर के चंबल कॉलोनी स्थित अपने निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं जनता से रूबरू होती हुई मोदी आमिर लगाकर शुभकामनाएं देंगी। मध्य प्रदेश सरकार में कैबिनेट नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री राकेश शुक्ला अपनी निजी निवास मेहगांव विधायक नरेंद्र सिंह कुशवाह लहार रोड लहार विधानसभा क्षेत्र के विधायक

अमरीश शर्मा (गुड्डू) अपने ग्राम पंचायत गांव सीकरी में पार्टी कार्यकर्ताओं से भेंट करते हुए मोदी गुलाल लगाकर खेलेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष देवेंद्र सिंह नरवरिया अपने निवास स्थान आर्य नगर में पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात कर उन्हें भाजपा को जीतने के लिए अपील की और होली खेलेंगे सभी कार्यकर्ता एवं जनता को मोदी जी की राम-राम भी कहीं।

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता मध्य प्रदेश सरकार में पूर्व नगरीय प्रशासन एवं आवास राज्य मंत्री ओपीएस भदौरिया अपनी लगी निवास मेहगांव गेस्ट हाउस पर जनता के साथ होली खेलते हुए मोदी को लाल लगाएंगे और वही होली फाग का भी कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। अटेर विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक शिवशंकर समाधिया अपने निजी निवास स्थान डाक बंगला रोड नवादा बाग में पार्टी कार्यकर्ता एवं जनता से मोदी गुलाल लगाकर पार्टी को जीतने के लिए जनता से समर्थन मांगा।

पूर्व विधायक मथुरा प्रसाद महंत लहर अपने निजी निवास पर पार्टी कार्यकर्ताओं से मुलाकात की जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कामना भादौरिया निजी निवास सुनारपुरा गांव में क्षेत्रीय जनता के साथ मोदी गुलाल लगाकर मोदी की राम-राम के साथ जनता के साथ मोदी गुलाब लगाकर भाजपा को जीतने के लिए अपील की। भाजपा प्रदेश कार्य समिति के सदस्य डॉ रमेश दुबे ने अपने निवास स्थान लहार रोड मात्र छाया में पार्टी कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्रीय जनता के साथ उमंग और उत्साह को लेकर होली उत्सव बनाते हुए सभी को मोदी गुलाल लगाया और उनकी राम-राम कही ।